ईसाई विद्वान बाइबिल में मतभेदों को पहचानते हैं (7 का भाग 3): नए नियम के कथित लेखक

रेटिंग:

विवरण:

श्रेणी: लेख तुलनात्मक धर्म बाइबल

द्वारा: Misha'al ibn Abdullah (taken from the Book: What Did Jesus Really Say?)

पर प्रकाशित: 04 Nov 2021

अंतिम बार संशोधित: 04 Nov 2021

हम बताएंगे कि प्रत्येक इंजील "के अनुसार....." परिचय के साथ शुरू होता है जैसे "संत मत्ती के अनुसार इंजील," "संत लूका के अनुसार इंजील," "संत मरकुस के अनुसार इंजील," "संत यूहन्ना के अनुसार इंजील।" सड़क पर औसत आदमी के लिए स्पष्ट निष्कर्ष यह है कि इन लोगों को उन पुस्तकों के लेखक के रूप में जाना जाता है जो उन्होंने लिखी होती हैं। हालांकि ऐसा नहीं है। क्यों? क्योंकि मौजूद चार हजार प्रतियों में से एक पर भी लेखक के हस्ताक्षर नहीं हैं। यह अभी माना गया है कि वे लेखक थे। हालाँकि, हाल की खोजें इस विश्वास का खंडन करती हैं। उदाहरण के लिए, यहां तक कि आंतरिक सबूत भी साबित करते हैं कि, मत्ती के नाम पे जो इंजील है वो उन्होंने नहीं लिखा था:

"... यीशु जब वहाँ से जा रहा था तो उसने चुंगी की चौकी पर बैठे एक व्यक्ति को देखा। उसका नाम मत्ती था। यीशु ने उससे कहा, "मेरे पीछे चला आ।" इस पर मत्ती खड़ा हुआ और उसके पीछे हो लिया। (मत्ती 9:9)

यह समझने के लिए किसी को वैज्ञानिक होने की आवश्यकता नहीं है कि ना तो यीशु और ना ही मत्ती ने "मत्ती" का यह छंद लिखा है। इस तरह के प्रमाण पूरे नए नियम में कई जगहों पर पाए जा सकते हैं। हालांकि कई लोगों ने यह अनुमान लगाया है कि यह संभव है कि एक लेखक कभी-कभी तीसरे व्यक्ति में लिख सकता है, फिर भी, बाकी सबूतों के प्रकाश में जो हम इस पुस्तक में देखेंगे, इस परिकल्पना के खिलाफ बहुत अधिक सबूत हैं।

यह अवलोकन किसी भी तरह से नए नियम तक सीमित नहीं है। इस बात का भी प्रमाण है कि व्यवस्थाविवरण के कम से कम भाग ना तो ईश्वर ने लिखे थे और ना ही मूसा ने। इसे व्यवस्थाविवरण 34:5-10 में देखा जा सकता है जहाँ हम पढ़ते हैं:

"तो मूसा ... मर गए ... और उसने (सर्वशक्तिमान ईश्वर ने) उसे (मूसा को) दफनाया ... वह 120 वर्ष के थे जब वह मरे ... और मूसा की तरह इज़राइल में कोई पैगंबर नहीं पैदा हुआ ...."

क्या मूसा ने अपना मृत्युलेख स्वयं लिखा था? यहोशू 24:29-33 में यहोशू अपनी मृत्यु के बारे में भी विस्तार से बताता है। साक्ष्य वर्तमान मान्यता का अत्यधिक समर्थन करते हैं कि बाइबिल की अधिकांश पुस्तकें उनके कथित लेखकों द्वारा नहीं लिखी गई थीं।

कोलिन्स द्वारा आरएसवी के लेखकों का कहना है कि "किंग्स" के लेखक "अज्ञात" हैं। यदि वे जानते थे कि यह ईश्वर का वचन है तो वे निस्संदेह इस पर अपना नाम लिखते। इसके बजाय, उन्होंने ईमानदारी से "लेखक ... अज्ञात" कहना चुना है। लेकिन अगर लेखक अज्ञात है तो इसका श्रेय ईश्वर को ही क्यों दिया जाए? फिर यह कैसे दावा किया जा सकता है कि यह "प्रेरित" है? हम पढ़ते हैं कि यशायाह की पुस्तक के लिए "मुख्य रूप से यशायाह को श्रेय दिया जाता है। हो सकता है कि इसके भाग दूसरों के द्वारा लिखे गए हों।" सभोपदेशक: "लेखक संदेहास्पद है, लेकिन ज्यादा मुमकिन है की सुलैमान थे।" रूथ: "लेखक, निश्चित रूप से ज्ञात नहीं, शायद सैमुअल," या कोई और।

आइए हम नए नियम की केवल एक पुस्तक पर थोड़ा और विस्तृत रूप से देखें:

"इब्रानियों की पुस्तक का लेखक अज्ञात है। मार्टिन लूथर ने ने कहा कि अपुल्लोस लेखक थे... टर्टुलियन ने कहा कि इब्रानी बरनबास का एक पत्र था... एडॉल्फ हार्नैक और जे. रेंडेल हैरिस ने अनुमान लगाया कि यह प्रिसिला (या प्रिस्का) द्वारा लिखा गया था। विलियम रैमसे ने सुझाव दिया कि यह फिलिप द्वारा लिखा गया था। हालांकि, पारंपरिक स्थिति यह है कि प्रेरित पौलुस ने इब्रानियों को लिखा... यूसेबियस का मानना था कि पॉल ने इसे लिखा है, लेकिन ओरिजिन पॉलीन के लेखकत्व के प्रति सकारात्मक नहीं थे।"[1]

क्या हम इसे ऐसे "ईश्वर द्वारा प्रेरित" कहते हैं?

जैसा कि अध्याय एक में देखा गया है, संत पॉल और उनके बाद के चर्च ने, उनके जाने के बाद यीशु के धर्म में बहुत परिवर्तन किये और उन सभी ईसाइयों को मार दिया और प्रताड़ित किया जिन्होंने पॉलीन सिद्धांतों के पक्ष में प्रेरितों की शिक्षाओं को त्यागने से इनकार कर दिया था। पॉलीन जिस इंजील पर विश्वास करते थे उसको छोड़कर सभी को व्यवस्थित रूप से नष्ट कर दिया गया या फिर से लिखा गया। पादरी चार्ल्स एंडरसन स्कॉट ने ये कहा:

> "इसकी संभावना अधिक है कि संयुक्त इंजील (मत्ती, मरकुस और लूका) में से कोई भी पौलुस की मृत्यु से पहले उस रूप में अस्तित्व में नहीं था जो हमारे पास है। और यदि दस्तावेजों को

कालक्रम के सख्त क्रम में देखें, तो पॉलनि पत्री समसामयकि इंजील से पहले आये थे।"[2]

इस कथन की आगे प्रो. ब्रैंडन द्वारा पुष्टि की गई है: "प्राचीनतम ईसाई लेख जो हमारे लिए संरक्षति कए गए हैं, वे प्रेरति पौलुस के पत्र हैं"[3]

दूसरी शताब्दी के उत्तरार्ध में, कुरन्थि के बशिप डायोनसियिस कहते हैं:

> "जैसा कि भाइ ने चाहा की मै पत्र लखिूं, मैंने ऐसा ही कयिा, और शैतान के इन प्रेरतिों ने टेआस को (अवांछनीय तत्वों से) भर दयिा, कुछ चीजों का आदान-प्रदान कयिा और दूसरों को जोड़ा, जनिके लिए एक शोक आरक्षति है। इसलिए, यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अगर कुछ लोगों ने ईश्वर के पवत्रि लेखों में मलिावट करने का भी प्रयास कयिा हो, क्योंकि उन्होंने अन्य कार्यों में भी ऐसा ही करने का प्रयास कयिा है, जनिकी तुलना इनसे नहीं की जानी चाहिए। "

क़ुरआन इसकी पुष्टि इन शब्दों से करता है:

"तो वनिाश है उनके लिए जो अपने हाथों से पुस्तक लखिते हैं, फरि कहते हैं कि ये ईश्वर की ओर से है, ताकि उसके द्वारा तनकि मूल्य खरीदें! तो वनिाश है उनके अपने हाथों के लेख के कारण! और वनिाश है उनकी कमाई के कारण।" (क़ुरआन 2:79)

फुटनोट:

[1] कगि जेम्स बाइबलि के परचिय से, नया संशोधति और अद्यतन छठा संस्करण, हब्रि/ग्रीक कुंजी अध्ययन, लाल पत्र संस्करण।

[2] आधुनकि ज्ञान के प्रकाश में ईसाई धर्म का इतहिास, पादरी चार्ल्स एंडरसन स्कॉट, पृष्ठ 338

[3] "रलिजिन इन एन्सएिंट हस्टि्री," एस.जी.एफ. ब्रैंडन, पृष्ठ 228.

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/index.php/hi/articles/592

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।